दीक्षांत में 15 हजार विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र

इग्नू

नामकुम | संवाददाता

नामकुम के आईपीएच हॉल में आयोजित इग्नू के 33वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपते मुख्य अतिथि।

इग्नू के 33वें दीक्षांत समारोह का आयोजन सोमवार को नामकुम के आईपीएच हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पाठयक्रमों के लगभग 15 हजार विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में तीन चीजों के समायोजन ही व्यक्ति को सही जगह पहुंचाता है और वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। वह योग्यता, मेहनत और अवसर है, व्यक्ति में योग्यता होने पर ही वह मेहनत करता है और उसे अवसर मिलता है तो वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है।

उन्होंने डिग्री प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में सही राह पर चलते हुए समाज की सेवा करने की बात कही। प्रो सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिस्टेंस कोर्स की उपयोगिता और स्वीकार्यता बढ़ गयी है। कामकाजी युवक युवतियां अपने काम से समय निकाल कर पढ़ते हैं और आगे बढ़ते हैं।

वहीं क्षेत्रिय निदेशक शुभाकांत मोहंती ने कहा कि पूरे देश में आज डिग्री और डिप्लोमा के लगभग दो लाख 30 हजार विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जा रहे है। इनमें से 78 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जा रहे हैं, रांची केन्द्र की रूमा भारती और स्वेता कुमारी को भी गोल्ड मेडल दिया जा रहा है, जो बड़े गर्व की बात है। उन्होंने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भारी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद थे। सभागार तालियों से गूंजता रहा।

समारोह

- आईआईएम रांची के निदेशक प्रो शैलेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि थे
- मुख्य अतिथि ने सभी उतीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की
- समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद थे

Hindustan, 18.02.2020, Pg. 02 (supli.)